NEERAJ®

Serving Education for Last 40 Years

# तुलनात्मक शासन और राजनीति

## ( Comparative Government and Politics )

# B.P.S.C.-133

## B.A. General - 3rd Semester

**Chapter Wise Reference Book**
**Including Many Solved Sample Papers**

*Based on*

C.B.C.S. (Choice Based Credit System) Syllabus of

# I.G.N.O.U.

**& Various Central, State & Other Open Universities**

By: *Bhavya Gupta*

NEERAJ
PUBLICATIONS
(Publishers of Educational Books)

Retail Sales Office:

1507, First Floor, Nai Sarak, Delhi - 6 | Mob.: 8510009872, 8510009878
E-mail : info@neerajbooks.com Website : www.neerajbooks.com

MRP ₹ 280/-

Published by:

**NEERAJ PUBLICATIONS**

(Publishers of Educational Books)

Retail Sales Office: 1507, First Floor, Nai Sarak, Delhi - 6 | Mob.: 8510009872, 8510009878

E-mail : info@neerajbooks.com Website : www.neerajbooks.com

**© Copyright Reserved with the Publishers only.**

***Reprint Edition with Updation of Sample Question Paper Only***

Typesetting by: Competent Computers, Printed at: Novelty Printing Press

*Disclaimer/T&C*

1. *For the best & up-to-date study & results, please prefer the recommended textbooks/study material only.*
2. *This book is just a Guide Book/Reference Book published by NEERAJ PUBLICATIONS based on the suggested syllabus by a particular Board/University.*
3. *These books are prepared by the author for the help, guidance and reference of the student to get an idea of how he/she can study easily in a short time duration. Content matter & Sample answers given in this Book may be Seen as the Guide/Reference Material only. Neither the publisher nor the author or seller will be responsible for any damage or loss due to any mistake, error or discrepancy as we do not claim the Accuracy of these Solutions/Answers. Any Omission or Error is highly regretted though every care has been taken while preparing, printing, composing and proofreading of these Books. As all the Composing, Printing, Publishing and Proof Reading, etc., are done by Human only and chances of Human Error could not be denied. Any mistake, error or discrepancy noted may be brought to the publishers notice which shall be taken care of in the next edition and thereafter as a good gesture by our company he/she would be provided the rectified Book free of cost. Please consult your Teacher/Tutor or refer to the prescribed & recommended study material of the university/board/institute/ Govt. of India Publication or notification if you have any doubts or confusions regarding any information, data, concept, results, etc. before you appear in the exam or Prepare your Assignments before submitting to the University/Board/Institute.*
4. *In case of any dispute whatsoever the maximum anybody can claim against NEERAJ PUBLICATIONS is just for the price of the Book.*
5. *The number of questions in NEERAJ study materials are indicative of general scope and design of the question paper.*
6. *Any type of ONLINE Sale/Resale of "NEERAJ BOOKS" published by "NEERAJ PUBLICATIONS" in Printed Book format (Hard Copy), Soft Copy, E-book on any Website, Web Portals, any Social Media Platforms – Youtube, Facebook, Twitter, Instagram, Telegram, LinkedIn etc. and also on any Online Shopping Sites, like – Amazon, Flipkart, eBay, Snapdeal, Meesho, Kindle, etc., is strictly not permitted without prior written permission from NEERAJ PUBLICATIONS. Any such online sale activity of any NEERAJ BOOK in Printed Book format (Hard Copy), Soft Copy, E-book format by an Individual, Company, Dealer, Bookseller, Book Trader or Distributor will be termed as ILLEGAL SALE of NEERAJ BOOKS and will invite legal action against the offenders.*
7. *The User agrees Not to reproduce, duplicate, copy, sell, resell or exploit for any commercial purposes, any portion of these Books without the written permission of the publisher. This book or part thereof cannot be translated or reproduced in any form (except for review or criticism) without the written permission of the publishers.*
8. *All material prewritten or custom written is intended for the sole purpose of research and exemplary purposes only. We encourage you to use our material as a research and study aid only. Plagiarism is a crime, and we condone such behaviour. Please use our material responsibly.*
9. *All matters, terms & disputes are subject to Delhi Jurisdiction only.*

**Get books by Post & Pay Cash on Delivery :**

If you want to Buy NEERAJ BOOKS by post then please order your complete requirement at our Website www.neerajbooks.com where you can select your Required NEERAJ BOOKS after seeing the Details of the Course, Subject, Printed Price & the Cover-pages (Title) of NEERAJ BOOKS.

While placing your Order at our Website www.neerajbooks.com You may also avail the "Special Discount Schemes" being offered at our Official website www.neerajbooks.com.

No need to pay in advance as you may pay "Cash on Delivery" (All The Payment including the Price of the Book & the Postal Charges, etc.) are to be Paid to the Delivery Person at the time when You take the Delivery of the Books & they shall Pass the Value of the Goods to us. We usually dispatch the books Nearly within 2-3 days after we receive your order and it takes Nearly 3-4 days in the postal service to reach your Destination (In total it take nearly 6-7 days).

## Content

# तुलनात्मक शासन और राजनीति
## ( Comparative Government and Politics )

*Question Bank – (Previous Year Solved Question Papers)*

Question Paper—June-2023 (Solved) .......... 1-2
Question Paper—December-2022 (Solved) .......... 1-2
Question Paper–Exam Held in March-2022 (Solved) .......... 1-3
Sample Question Paper–1 (Solved) .......... 1
Sample Question Paper–2 (Solved) .......... 1

| S.No. | Chapterwise Reference Book | Page |
|---|---|---|
| 1. | तुलनात्मक विश्लेषण : प्रकृति, क्षेत्र और उपयोगिता<br>( Comparative Analysis: Nature, Scope and Utility ) | 1 |
| 2. | तुलनात्मक राजनीतिक विश्लेषण की विधियाँ<br>( Methods of Comparative Political Analysis ) | 16 |
| 3. | सत्तावादी और लोकतांत्रिक शासन<br>( Authoritarian and Democratic Regimes ) | 24 |
| 4. | नागरिक और सैन्य शासन<br>( Civilian and Military Regimes ) | 35 |
| 5. | संसदीय और अध्यक्षीय व्यवस्था<br>( Parliamentary and Presidential Systems ) | 43 |
| 6. | संघीय और एकात्मक व्यवस्था<br>( Federal and Unitary Systems ) | 55 |
| 7. | राजनीतिक दल और दल व्यवस्था<br>( Political Parties and Party Systems ) | 67 |

| S.No. | Chapterwise Reference Book | Page |
|---|---|---|


8. दबाव समूह ( Pressure Groups ) ........ 79

9. चुनाव प्रक्रियाएँ ( Electoral Processes ) ........ 92

10. विकसित और विकासशील देशों में राज्य ........ 106
( States in Developed and Developing Countries )

11. राज्य–नागरिक समाज संबंध ( State-Civil Society Relations ) ........ 118

12. वैश्वीकरण के युग में राज्य ........ 130
( State in the Era of Globalisation )

13. राज्य की प्रकृति पर तुलनात्मक बहस ........ 143
( Contemporary Debates on the Nature of State )


■ ■

# Sample Preview of the Solved Sample Question Papers

*Published by:*

NEERAJ PUBLICATIONS
www.neerajbooks.com

# Question Paper *( Solved )*

**EXAM HELD IN**
**MARCH - 2022**

## तुलनात्मक सरकार और राजनीति

**B.P.S.C.-133**

**( Comparative Government and Politics )**

*समय : 3 घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक : 100*

***नोट :** यह प्रश्न दो खण्डों में विभाजित है। किन्हीं **पाँच** प्रश्नों का उत्तर देना है। प्रत्येक खण्ड से दो प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य हैं।*

**खण्ड-I**

**प्रश्न 1. बीसवीं शताब्दी में तुलनात्मक राजनीति के विकास की चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-1, पृष्ठ-2, 'तुलनात्मक राजनीतिः एक ऐतिहासिक सिंहावलोकन', पृष्ठ-8, प्रश्न 6

**प्रश्न 2. संसदीय शासन व्यवस्था के गुण और दोषों की चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-5, पृष्ठ-47, 'संसदीय प्रणाली के फायदे और नुकसान'

**प्रश्न 3. भूमण्डलीकरण के दौर में राज्य की बदलती प्रवृत्तियों की चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-12, पृष्ठ-132, 'राज्य की संप्रभुता का प्रभाव', पृष्ठ-133, 'वैश्वीकरण का प्रभाव और राज्यों के आंतरिक कामकाज'

**प्रश्न 4. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियां लिखिए–**

**( अ ) द्विदलीय व्यवस्था**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-7, पृष्ठ-69, 'द्विदलीय व्यवस्था'

**( ब ) उत्तर-व्यवहारवाद**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-13, पृष्ठ-146, 'नव-उदारवाद'

**खण्ड-II**

**प्रश्न 5. राज्य के सन्दर्भ में साम्यवादी और उदारवादी सिद्धान्तों की तुलनात्मक व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर–**राज्य के संदर्भ में उदारवादी और साम्यवादी सिद्धांतों की तुलना इस प्रकार की जा सकती है–

उदारवादी विद्वानों का विचार है कि राज्य सामाजिक समझौते की देन है। राज्य के अस्तित्व में आने से पूर्व व्यक्ति प्रकृति के राज्य में रहता था, जिससे छुटकारा पाने के लिए एक समझौता किया गया, जिसके परिणामस्वरूप राज्य का जन्म हुआ। जबकि मार्क्सवादी विचारकों का मानना है कि जब समाज दो विरोधी वर्ग (अमीर वर्ग और गरीब वर्ग) में बंट गया था, तब अमीर वर्ग ने अपने हितों की रक्षा के लिए राज्य नाम की संस्था को जन्म दिया।

ज्यादातर उदारवादी राज्य को कल्याणकारी संस्था मानते हैं और उनका मानना है कि वर्तमान में उच्च राज्य को श्रेष्ठ माना जाता है, जो अधिक-से-अधिक लोगों का कलयाण करता हो। इसके विपरीत मार्क्सवाद राज्य को वर्गों का संगठन मानता है। उनका विचार है कि राज्य केवल उसी वर्ग के हितों का कल्याण करता है, जिसके हाथों में राज्य की शक्ति होती है तथा पूंजीवादी राज्य में राज्य की समस्त शक्तियां पूंजीपतियों के हाथों में विद्यमान होती हैं।

उदारवादियों के अनुसार राज्य का उद्देश्य लोगों के जीवन को अधिक-से-अधिक कुशल और सुखी बनाना है, जबकि मार्क्सवादियों के अनुसार राज्य उच्च वर्ग के हितों की रक्षा करता है। इस वर्ग का राज्य की स्थिति पर नियंत्रण रहता है।

उदारवाद व्यक्ति की इच्छा को राज्य का आधार मानता है। इनका मानना है कि प्राकृतिक राज्य में व्यक्तियों ने आपस में अपनी इच्छा से समझौता किया था, जिसके परिणामस्वरूप राज्य अस्तित्व में आया था, जबकि मार्क्सवाद शक्ति को राज्य का आधार मानता है। इनका मानना है कि शक्ति के द्वारा ही राज्य कायम रह सकता है। मार्क्सवादियों के अनुसार पुलिस, सेना, न्यायालय राज्य के शक्ति के प्रतीक होते हैं, जिनका प्रयोग शासक वर्ग द्वारा विरोधियों का विरोध एवं उन्हें समाप्त करने के लिए किया जाता है।

उदारवादी विचारक राज्य को स्थायी संस्था मानते हैं और उनका विचार है कि व्यक्ति को सदैव इनकी आवश्यकता रहेगी तथा इस तरह यह कभी न समाप्त होने वाली संस्था है। जबकि मार्क्सवादी विचारक राज्य को अस्थायी संस्था मानते हैं। इनका मानना है कि वर्गों की समाप्ति से राज्य की आवश्यकता भी नहीं रहेगी तथा धीरे-धीरे राज्य स्वयं भी समाप्त हो जाएगा और मार्क्सवाद राज्य और वर्ग के बिना समाज की स्थापना करते हैं।

उदारवादी विचारधारा क्रांतिकारी साधनों का विरोध करती है तथा वह संवैधानिक साधन का समर्थन करती है। मार्क्सवाद और उदारवाद यह परिवर्तन लाने के लिए शांति में अहिंसक साधनों को

NEERAJ PUBLICATIONS www.neerajbooks.com

www.neerajbooks.com



अपनाने के पक्ष में हैं। जबकि मार्क्सवादी विचारधारा क्रांतिकारी साधन अपनाने के पक्ष में है और संवैधानिक साधनों को वे पूंजीवादी राज्य के विरुद्ध मानते हैं तथा इसके प्रयोग द्वारा पूंजीवादी गरीब लोगों का शोषण करते हैं।

उदारवादी सिद्धांत मानव की विवेकशीलता में आस्था रखते हैं। इनका मानना है कि व्यक्ति जन्म से अंत तक अपनी विवेकशीलता से ही विकास का मार्ग निर्धारित करता है। उदारवादी सिद्धांत ऐतिहासिक एवं परंपरागत विचारधाराओं का विरोध करते हैं। इनका मानना है कि ये सभी परंपराएं व्यक्ति को कमजोर बनाती हैं। इसी कारण उदारवादी सिद्धांत पुरानी व्यवस्थाओं तथा परंपराओं की जगह नवीन परंपराओं को महत्त्व देते हैं।

इसके विपरीत मार्क्सवादी सिद्धांत विश्व की व्यवस्था को पहचानने और उसे परिवर्तित करने में सहायक है। मार्क्सवादी सिद्धांत दार्शनिक, सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक प्रणाली का समावेश है, जिसे कभी नहीं नकारा जा सकता। मार्क्सवाद व्यक्ति के परस्पर संबंध तथा व्यक्ति के स्वभाव को जोड़ने में सहायक सिद्ध हुआ है।

**प्रश्न 6. परम्परागत उदारवाद और मार्क्सवाद के बीच अन्तर की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-13, पृष्ठ-143, 'पारंपरिक उदारवाद' तथा पृष्ठ-145, 'पारंपरिक मार्क्सवाद'

**प्रश्न 7. संघवाद की आवश्यक शर्तों की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर–**संघीय सरकार की स्थापना उस समय होती है जब दो या दो से अधिक स्वतन्त्र राज्य एक नया राज्य बनाकर, उसे प्रभुसत्ता का एक भाग देने पर सहमत हो जाये। कभी-कभी एकात्मक शासन की प्रशासनिक इकाइयाँ केन्द्र को उन्हें कुछ स्वतन्त्रता देने पर सहमत कर लेती हैं, तब भी संघात्मक शासन की स्थापना हो जाती है। संघ निर्माण के लिये आवश्यक शर्तें निम्न प्रकार हैं–

**1. भौगोलिक एकता–**संघात्मक राज्य का निर्माण उन्हीं इकाइयों के मिलने से सम्भव है, जो भौगोलिक रूप से निकट हों। वे भूमि अथवा जल द्वारा एक दूसरे से दूर न हों, अन्यथा उनमें से प्रशासनिक एकता स्थापित नहीं हो सकेगी। इसके अतिरिक्त वहाँ संघ के स्थायित्व के लिये आवश्यक भावात्मक एकता तथा संगठन की इच्छा का भी अभाव होगा। उदाहरण के लिये, बंगलादेश के पाकिस्तान से पृथक होने का प्रमुख कारण पूर्वी और पश्चिमी पाकिस्तान में भौगोलिक एकता का अभाव था। अमेरिका, भारत तथा सोवियत संघ में संघात्मक शासन सफल है, क्योंकि इन दोनों में भौगोलिक एकता पायी जाती है।

**2. एक होने की भावना–**इकाइयों में सामान्य उद्देश्यों की पूर्ति के लिये एक होने की भावना विद्यमान होनी चाहिये। डायसी ने कहा है, "संघात्मक राज्य एक ऐसे राजनीतिक उपाय के अतिरिक्त कुछ भी नहीं है, जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय एकता तथा अधिकारों में मेल रखता है।"

**3. संगठन की इच्छा, एकता की नहीं–**डायसी ने कहा है, "संघ की स्थापना वहाँ होती है। जहाँ स्वतन्त्र राज्यों में कुछ बातों के लिये संगठन की इच्छा हो, एकता की नहीं।" यदि एकत्व की इच्छा होती है जब संघ के स्थान पर एकात्मक राज्य हो जाता है। संघात्मक व्यवस्था में राज्य अथवा इकाइयाँ कुछ शक्तियाँ समान रूप से केन्द्र को देती हैं तथा कुछ शक्तियाँ अपने पास रख लेती हैं।

**4. सामान्य उद्देश्य–**इकाइयाँ विभिन्न सामान्य हितों, जैसे–सुरक्षा, विकास तथा आर्थिक अनिवार्यता की प्राप्ति के लिये केन्द्रीय सरकार की स्थापना करती है। वे केन्द्रीय सरकार को राष्ट्रीय हित के विषय सुपुर्द करके अन्य विषयों में स्वतन्त्र रहती हैं।

**5. भाषा धर्म, संस्कृति तथा हितों की एकता–**जिन राज्यों में धार्मिक, सांस्कृतिक तथा हितों की समानता होती है, वही मिलकर संघ का निर्माण कर पाते हैं।

**6. सामाजिक तथा राजनैतिक संस्थाओं की समानता–**जिन राज्यों में सामाजिक तथा राजनैतिक संस्थाओं की समानता पायी जाती है, वे ही मिलकर संघ शासन का निर्माण कर पाते हैं। यदि इन संस्थाओं में विभिन्नता अधिक हो, तब संघ में स्थायित्व नहीं होता। उदाहरण के लिये, यदि कुछ इकाइयों का स्वरूप प्रजातन्त्रात्मक हो तथा कुछ में तानाशाही की ओर झुकाव हो, तब उनका परस्पर संगठन सफल नहीं हो सकता।

**7. राजनैतिक योग्यता–**संघात्मक सरकार एक जटिल पद्धति है। इस व्यवस्था की सफलता के लिये लोगों में राजनैतिक चेतना तथा अराजनैतिक योग्यता की आवश्यकता होती है।

**8. राज्यों में समानता–**संघ का निर्माण करने वाली इकाइयों में आकार तथा जनसंख्या की यथासम्भव समानता होना आवश्यक है। इकाइयों में असमानता होने पर बड़े राज्य छोटे राज्यों पर प्रभुत्व स्थापित करने का प्रयास करेंगे, जिस कारण अविश्वास तथा संघर्ष उत्पन्न होगा। प्रो. व्हीयरे ने कहा है, "संविधान निर्माताओं को देखना चाहिए कि संघ में न तो ज्यादा बड़ी इकाइयाँ हों और न ज्यादा छोटी।"

**प्रश्न 8. निम्नलिखित पर टिप्पणियां लिखिए–**

**(अ) नृजातीय उद्भव**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-12, पृष्ठ-134, 'जातीय पुनरुत्थान'

**(ब) बहुसंस्कृतिवाद**

**उत्तर–**सामान्य अर्थ में बहुसंस्कृतिवाद किसी देश/समाज में अलग-अलग धर्मों/सांस्कृतिक समूहों के लोगों का सह-अस्तित्व है। इस संकल्पना का जन्म 70 के दशक में अमेरिका और यूरोप में श्वेत संस्कृति के पक्ष में अन्य संस्कृतियों के समरूपीकरण के विरोध में प्रतिसांस्कृति व मानवाधिकारवादी आंदोलनों से हुआ।

www.neerajbooks.com

# Sample Preview
# of
# The Chapter

*Published by:*

NEERAJ
PUBLICATIONS
www.neerajbooks.com

# तुलनात्मक शासन और राजनीति
# Comparative Government and Politics

## तुलनात्मक विश्लेषण : प्रकृति, क्षेत्र और उपयोगिता
## ( Comparative Analysis: Nature, Scope and Utility )

1

### परिचय

मानव की यह प्रकृति है कि वह सर्वदा अपनी तुलना अन्य लोगों से करता है वे क्या करते हैं, क्या सोचते हैं, और कैसे जीते हैं? इस प्रकार अपने परिवेश की अन्य वस्तुओं से स्वयं की तुलना करना व्यक्ति को अपने व्यवहार तथा सामर्थ्य को समझने में समर्थ बनाता है। तुलना की प्रक्रिया व्यक्तित्व को आकार देती है। तुलना व्यक्तिगत एवं सामूहिक दोनों ही स्तरों पर की जा सकती है। राजनीति में तुलनात्मक अध्ययन का उद्देश्य विभिन्न समाजों के बीच परस्पर तुलना के द्वारा समाजों में उपस्थित विविध समस्याओं का सामना करना एवं उनका समाधान करना है। राजनीतिक गतिविधियों में तुलना राष्ट्रों के मध्य विभिन्न राजनीतिक प्रणालियों, संस्थाओं, प्रक्रियाओं एवं गतिविधियों के आधार पर की जा सकती है। राजनीति में जिन तथ्यों की जांच-पड़ताल होती है, वे समय के बदलाव के साथ परिवर्तित होते रहते हैं। इन प्रचलित सिद्धांतों का प्रयोग देश, समय और परिस्थिति के अनुसार किया जाना चाहिए तथा वैश्वीकरण के दौर में नियमों और नीतियों के परिष्कृत रूप को सावधानीपूर्वक अपनाया जाना चाहिए। तुलना का कार्य राजनीति के अलावा समाजशास्त्र एवं मनोविज्ञान में भी पाया जाता है।

इस इकाई के माध्यम से हम राजनीति के तुलनात्मक अध्ययन की प्रकृति, क्षेत्र और महत्त्व के बारे में विस्तार से जानेंगे। एक निश्चित ऐतिहासिक काल में अध्ययन केंद्र, अध्ययन में प्रयुक्त उपकरणों, भाषाओं तथा अवधारणाओं के प्रयोग के द्वारा यह निर्धारित किया जा सकता है कि परिवर्तन कहां, क्यों, और किस प्रकार हुए हैं?

### अध्याय का विहंगावलोकन

#### राजनीति का तुलनात्मक अध्ययन : प्रकृति और विषय-क्षेत्र

जैसा कि स्पष्ट है कि तुलना का कार्य केवल राजनीति विज्ञान में ही नहीं बल्कि अन्य विषयों में भी होता है, परंतु राजनीति में तुलना का कार्य एक अलग प्रविधि से होता है। तुलनात्मक राजनीति में तुलना के कई विषय होते हैं जैसे कि सरकार के प्रकार, संविधान, राजनीतिक दल, सामाजिक आंदोलन आदि। तुलना का कार्य इस प्रकार से किया जाता है, जिससे आवश्यक प्रश्नों के उत्तर सरलता से प्राप्त हो सकें।

राजनीतिक में तुलनात्मक अध्ययन के अंतर्गत हम राजनीतिक समस्याओं, व्यवहार और सरकारों का अध्ययन करते हैं। इसका प्रमुख उद्देश्य विभिन्न देशों की सरकारों और राजनीति में व्याप्त समानताओं और असमानताओं का विश्लेषण करना है, ताकि भविष्य के लिए सिद्धांतों का निर्माण किया जा सके।

#### तुलनाएं : सम्बन्धों की पहचान

आमतौर पर यह माना जाता है कि किसी एक देश की व्यवस्था और राजनीति की तुलना दूसरे देश से करना ही तुलनात्मक राजनीतिक अध्ययन है। दो देशों की समानता और असमानता के बारे में तुलना वास्तव में तुलनात्मक अध्ययन नहीं होता। इसके अंतर्गत दो या दो से अधिक देशों की राजनीतिक व्यवस्था का अध्ययन जो कि सुव्यवस्थित और सुनियोजित ढंग से हो, तुलनात्मक राजनीति कहलाता है। यह तुलना सीमित विषयों को लेकर नहीं होती, अपितु इसमें वे सभी विषय शामिल होते हैं, जो राज्य के अस्तित्व के लिए आवश्यक होते हैं। इसमें देश की सामाजिक व्यवस्था, आर्थिक स्थिति तथा भौगोलिक दशा को शामिल किया जा सकता है। राजनीति को प्रभावित करने में इन सभी कारकों का योगदान होता है। सभी पहलू आपस में जुड़े होते हैं तथा तुलना में इनका समन्वित योगदान रहता है।

तुलनात्मक राजनीतिक विश्लेषण में वस्तुतः इसके चरित्र तथा विषय क्षेत्र से संबंधित अनेक भ्रम की परिस्थितियां हैं, जिन्हें दूर करना अत्यंत आवश्यक है। किसी भी अन्य देश की राजनीति से संबंधित अध्ययन कर रहे व्यक्ति को तुलनावादी ही कहा जाएगा। उदाहरण के लिए, यदि एक भारतीय श्रीलंका की राजनीति का अध्ययन कर रहा हो अथवा एक अमेरिकी ब्राजील की राजनीति का

विश्लेषण कर रहा हो तो वह सूचनावादी ही कहा जाएगा, क्योंकि उसके अध्ययन का उद्देश्य होता है अन्य राष्ट्रों के बारे में मात्र सूचना एकत्र करना जिसके अंतर्गत तुलनात्मक प्रवृत्ति बहुत कम अथवा बहुत अधिक होती है। इन तुलनावादियों का तर्क होता है कि वे दो या अधिक राष्ट्रों के बीच किसी विशिष्ट परिघटना के अध्ययन के द्वारा उन राष्ट्रों के बीच की समानताओं एवं भिन्नताओं की पहचान कर सकते हैं। तुलनात्मक राजनीति का यह स्वरूप बहुत लंबा चला, जिसमें राजनीतिक परिवर्तनों का वर्गीकरण एवं उनके विभाजन तथा ध्रुवीकरण को ही महत्त्व दिया गया, परंतु अन्य विद्वानों का मत है कि राजनीतिक तुलनात्मक अध्ययन का उद्देश्य दो या दो से अधिक राष्ट्रों के बीच समानता और असमानताओं के अतिरिक्त संबंधों के एक विस्तृत प्रारूप में राजनीतिक घटनाओं का अध्ययन और विश्लेषण करना है। यह परिभाषा राजनीतिक तुलनात्मक विश्लेषण से संबंधित हमारी सोच को अधिक गूढ़ बनाने में सहायक होगी।

### तुलनात्मक राजनीति और तुलनात्मक सरकार

तुलनात्मक राजनीति और तुलनात्मक सरकार दो अलग-अलग धारणाएं हैं। रोनाल्ड चिल्कॉट का दावा है कि संकलनात्मक उलझन के कारण बहुधा यह मानना पड़ता है कि तुलनात्मक राजनीति का संबंध सरकारों के अध्ययन से है। तुलनात्मक सरकार में सरकार संबंधी गतिविधियों पर चर्चा की जाती है, जबकि तुलनात्मक राजनीति में सरकारी और गैर-सरकारी सभी गतिविधियों के बारे में जानने का प्रयास किया जाता है। अतः तुलनात्मक राजनीति का दायरा काफी विस्तृत है। तुलनात्मक राजनीति मुख्यतया पश्चिमी देशों से संबंधित रही है, परंतु द्वितीय विश्व युद्ध के बाद नए बने देशों को भी तुलनात्मक राजनीति की दीर्घा में सम्मिलित किया गया। यहीं से तुलना के कार्य को एक नई दिशा मिली तथा तुलनात्मक राजनीति का क्षेत्र और भी विस्तृत हो गया। विकासशील देशों की सामाजिक-आर्थिक परिस्थिति तथा संस्कृति का भी तुलनात्मक अध्ययन अनिवार्य हो गया है। साथ ही द्वितीय विश्व युद्ध के बाद दो विरोधी विचारधाराएं उत्पन्न हुईं, जिनके अंतर्गत एक तरफ पूंजीवादी देश तथा दूसरी ओर समाजवादी देश सम्मिलित थे। इस प्रकार तुलनात्मक राजनीति को नया एवं विस्तृत आयाम मिला तथा तृतीय विश्व के देशों की भी उत्पत्ति हुई, जिनमें मुख्य रूप से नव-स्वतंत्र देश थे, जिन्हें तुलनात्मक राजनीति के क्षेत्र में स्थान दिया गया।

तुलनात्मक राजनीति के इस नए आयाम में अध्ययन के मामलों में विस्तार तथा विविधता देखी गई। इसके अंतर्गत राज्य और उसकी संस्थाएं, व्यक्ति, सामाजिक समूहीकरण, राजनीतिक दल, हित-समूह, सामाजिक आंदोलन आदि को भी सम्मिलित किया गया। राजनीतिक प्रक्रियाओं की व्याख्या के लिए राजनीतिक समाजीकरण, राजनीतिक संस्कृति के प्रतिरूप, अभिव्यक्ति, हित-समूहकरण, राजनीतिक भर्ती की शैलियां, राजनीतिक प्रभाव उत्पादकता, राजनीतिक उदासीनता की सीमा, सत्तारूढ़ अभिजात वर्ग आदि को भी शामिल किया गया। ये सभी व्यवस्थित अध्ययन राष्ट्र निर्माण की दृष्टि से अत्यंत महत्त्वपूर्ण थे। इनके माध्यम से जनता के लिए राजनीतिक-सांस्कृतिक पहचान, राज्य निर्माण तथा राजनीति के लिए संस्थापक प्रारूप एवं प्रक्रियाएं सुनिश्चित करना तथा आधुनिकीकरण सुनिश्चित किया जा सका।

अधिकतर आधुनिकीकरण प्रतिमान अनेक कारणों से अस्वीकार कर दिए गए जिनमें प्रमुख थे—विश्व राजनीति में विचारधाराओं की भिन्नता, नव-स्वतंत्र राष्ट्रों द्वारा पाश्चात्य् साम्राज्यवाद को अस्वीकार किया जाना, नए राष्ट्रों द्वारा अपनी पहचान बनाए रखने की चिंता तथा विकास के लिए समाजवाद अपनाए जाने की ओर अधिकतर राष्ट्रों द्वारा उठाया गया कदम। 1950 और 1960 के दशक में विस्तृत प्रतिमानों के माध्यम से राजनीतिक यथार्थ की व्याख्या की जाती थी, परंतु 1970 के दशक में विश्ववाद की स्वीकृति ने इन प्रतिमानों को पीछे हटने पर विवश कर दिया। 1980 के दशक में वैश्वीकरण के साथ व्यापक स्तरीय तुलनाओं में वृद्धि हुई तथा सूचना एवं तकनीकी क्रांति के चलते राष्ट्रों के बीच संबंधों में दृढ़ता के कारण राजनीतिक तुलना के क्षेत्र का स्वरूप परिवर्तित हो गया।

## तुलनात्मक राजनीति : एक ऐतिहासिक सिंहावलोकन

'राजनीति' का संपूर्ण इतिहास तुलनात्मक अध्ययन का इतिहास कहा जा सकता है। प्राचीनकाल से वर्तमान काल तक सामाजिक, आर्थिक व भौगोलिक दशा में परिवर्तन के कारण तुलनात्मक राजनीति के अध्ययन में परिवर्तन आता रहा है, जिसके परिणामस्वरूप तुलनात्मक अध्ययन के विभिन्न पहलू भी बदलते रहे हैं।

तुलनात्मक राजनीति की विषय-वस्तु भौगोलिक क्षेत्र के अनुसार निर्धारित की गई है। साथ ही सामाजिक वास्तविकता और परिवर्तन से संबंधित विचारों में तुलनात्मक अध्ययन को आकार दिया है।

### राजनीति के तुलनात्मक अध्ययन की उत्पत्ति

तुलनात्मक राजनीति का इतिहास बहुत पुराना है। अरस्तू एवं शिशु के समय से ही राजनीति के तुलनात्मक अध्ययन का आरंभ हो गया था, जिसे निक्कोलो मैकियावेली, जॉन लॉक तथा मैक्स वेबर इत्यादि जैसे समाजशास्त्रियों एवं चिंतकों ने यथावत् रखा। यूनानी दार्शनिक अरस्तू ने 150 राज्यों के संविधान का अध्ययन करके राजनीतिक व्यवस्थाओं का वर्णन किया। उन्होंने राजनीतिक व्यवस्था, जैसे-प्रजातंत्र, कुलीनतंत्र, राजतंत्र आदि का विस्तृत वर्णन और वर्गीकरण करके उनके आदर्श एवं वितरित रूपों को विभाजित किया। पॉलिवियस तथा सिसेरो ने भी इस परंपरा को बनाए रखा। 15वीं शताब्दी में मैकियावेली ने शासन प्रणालियों के तुलनात्मक अध्ययन में दिलचस्पी दिखाई। उन्होंने अनेक प्रकार की जागीरों तथा गणराज्यों की तुलना की तथा उन्हें शासित करने की सफलतम विधियों के बारे में मार्ग प्रशस्त किया।

### 19वीं सदी का अंत और 20वीं सदी का प्रारंभ

19वीं सदी में लगभग 50 के दशक के बाद तुलनात्मक अध्ययन पर आदर्शवादी विचारों का दबदबा रहा। इस समय उदारवादी विचारधारा अत्यंत प्रबल थी। इस काल में अध्ययन का केंद्र यूरोपीय देश रहे। इनमें फ्रांस, ब्रिटेन, जर्मनी आदि प्रमुख थे। इसके अध्ययन से प्राप्त निष्कर्षों को विश्व के अन्य देशों पर थोपने की कोशिश की, क्योंकि एशिया, अफ्रीका और लेटिन अमेरिका जैसे दुनिया के अनेक भाग यूरोपीय उपनिवेशिक शासन के अधीन थे अथवा भूतपूर्व उपनिवेशों के रूप में उनके प्रभाव क्षेत्र में थे। इस समय जेम्स ब्राइस का मॉडल 'डेमोक्रेसी', हरमन फाइनर की थियोरी एंड प्रैक्टिस ऑफ मॉडल 'गवर्नमेंट्स' तथा कार्ल जे. फ्राइडरिक का 'कांस्टीट्यूशनल गवर्नमेंट एंड डेमोक्रेसी' जैसे तुलनात्मक अध्ययन हुए। ऐसे में इसे

www.neerajbooks.com



पूर्ण रूप से तुलनात्मक अध्ययन नहीं कहा जा सकता। नए स्वतंत्र हुए विकासशील देशों को तुलनात्मक अध्ययन में सम्मिलित नहीं किया। इसी समय में 1917 की रूसी क्रांति और प्रथम विश्वयुद्ध में तुलनात्मक विचारकों को नए सिरे से सोचने पर मजबूर किया।

**द्वितीय विश्व युद्ध और उसके पश्चात्**

1930 के दशक में हुए द्वितीय विश्व युद्ध ने समस्त विश्व की राजनीतिक और आर्थिक परिस्थितियों में अत्यंत महत्त्वपूर्ण परिवर्तन किए। इसके परिणामस्वरूप दो अलग-अलग विरोधी विचारधाराओं की उत्पत्ति हुई। जहां रूस में बोल्शेविक क्रांति ने 1917 में विश्व में समाजवाद को उत्पीड़न की एक विचारधारा का स्वरूप दिया, वहीं पश्चिमी उदारवाद और पूंजीवाद को एक आलोचनात्मक विकल्प के रूप में देखा गया। इस प्रकार समस्त विश्व एक ओर (पश्चिमी) पूंजीवादी और दूसरी ओर (पूर्वी) साम्यवादी गुट में विभाजित हो गया। द्वितीय विश्व युद्ध के समाप्त होते-होते यूरोपीय वर्चस्व भी समाप्त हो चुका था। संयुक्त राज्य अमेरिका ने विश्व राजनीति एवं अर्थव्यवस्था में एक नए अधिपति के रूप में मोर्चा संभाला था। विश्व के अधिकांश राष्ट्रों ने स्वयं को यूरोपीय साम्राज्यवाद देश से मुक्त कर लिया था। इसके साथ-साथ उपनिवेशवाद के अंत के बाद आधुनिकीकरण, औद्योगिकीकरण, राष्ट्र निर्माण, विकास आदि अवधारणाएं नवनिर्मित देशों के बीच अत्यंत लोकप्रिय हुईं। ये नए राष्ट्र विकास के लिए पश्चिमी पूंजीवाद मार्ग को स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं रहे। एशिया, अफ्रीका तथा लैटिन अमेरिका के नए सत्ताधारी यद्यपि अभी भी समाजवाद के समर्थक थे, परंतु नए बने देशों ने दोनों शक्ति गुटों को अलग रहते हुए गुटनिरपेक्षता की नीति का अनुसरण किया। इन देशों ने विकास के लिए समाजवाद जैसे मिलते-जुलते स्वरूप को अपनाया। उदाहरण के लिए, भारत में मिश्रित अर्थव्यवस्था का मॉडल, जो पूंजीवाद तथा समाजवाद का मिश्रित रूप था तथा तंजानिया में उज्जामा के मामले।

1940 के दशक तक सरकारों में तुलनात्मक अध्ययन मुख्य रूप से संस्थाओं तथा उन्हें नियमित करने वाले कानूनों एवं संवैधानिक सिद्धांतों तथा पश्चिम में उदारवादी लोकतंत्रों में उनकी कार्यशैली के संबंध में किया जाता था। 1950 के दशक के मध्य में संस्थापक उपागम की एक सशक्त समालोचना का सूत्रपात हुआ, जिसकी जड़ें व्यवहारवाद में निहित थीं। इस समालोचना ने विश्व में वैज्ञानिक दृढ़ता तथा राजनीति को एक विज्ञान के रूप में विकसित किया। यह व्यवहारवादी आंदोलन परिणाम, अन्वेषण तथा आनुभाविक परीक्षणों तथा तकनीकी सर्वेक्षण पर आधारित था। इससे मूल्य-तटस्थ, गैर-आदेशात्मक, वस्तुनिष्ठ टिप्पणियां एवं व्याख्याएं प्राप्त की जा सकती हैं। व्यवहारवादियों ने सामाजिक यथार्थ के अध्ययन में अनेक प्रश्नों के उत्तर खोजें जैसे लोग राजनीतिक दृष्टि से व्यवहार क्यों करते हैं, क्या राजनीतिक प्रक्रियाओं और प्रणालियां भी उनके व्यवहार के अनुसार कार्य करती हैं आदि। इस प्रकार जिज्ञासु प्रश्नों ने संस्थाओं के कानूनी औपचारिक पहलुओं से तुलनात्मक अध्ययन के आधार को बदलकर रख दिया। रॉय मैकरिडिस ने गैर-औपचारिक राजनीतिक प्रक्रियाओं की तुलना में औपचारिक संस्थाओं का विशेष अध्ययन करने तथा केस स्टडी उन्मुख होने के कारण तत्कालीन तुलनात्मक अध्ययन की आलोचना की। गैब्रील आलमंड तथा अमेरिकन सोशल साइंस रिसर्च काउंसिल की कमिटी ऑन कंपेरेटिव पॉलिटिक्स में उनके सहकर्मियों ने एक ऐसी पद्धति विकसित करने का प्रयास किया, जिससे सभी प्रकार की राजनीति प्रणालियों (आदिम या उन्नत, लोकतांत्रिक अथवा गैर-लोकतांत्रिक तथा पश्चिमी या गैर-पश्चिमी) का तुलनात्मक अध्ययन संभव हो सके।

भौगोलिक दृष्टि से मामलों में वृद्धि के साथ-साथ राजनीति बोध का भी प्रसार हुआ तथा औपचारिक राजनीतिक संस्थाओं के अध्ययन में पारंपरिक तथा संघ के रूप से प्रयुक्त विधि को अस्वीकार किया जाने लगा। राजनीति की धारणा में विधिवादिता की अपेक्षा यथार्थवाद तथा व्यवहारवाद का विस्तार हुआ। अतः इसके विषय क्षेत्र में संरचनाबद्ध अभिकरण, व्यवहार और प्रतिक्रिया की कार्यप्रणाली सम्मिलित की गई। उदाहरण के लिए, राजनीतिक दल, हित-समूह, मतदान व्यवहार चुनाव तथा मनोवृति इत्यादि को भी सम्मिलित किया गया। विश्व में विशाल संख्या में नवनिर्मित देशों ने अपने प्रारूप के विकास को अत्यंत महत्त्वपूर्ण बना दिया, जो व्यापक पैमाने पर तुलना को सरल बनाएंगे। इससे राजनीतिक प्रणाली का उदय हुआ जिसने राज्य की धारणा को स्थानांतरित कर दिया तथा विद्वानों को विधिपरक सामाजिक तथा सांस्कृतिक संस्थाओं के विषय में विचार करने के लायक बनाया। गैर-पश्चिमी राजनीति के अध्ययन के लिए यह सभी तत्व अत्यंत महत्त्वपूर्ण थे। इसके विषय क्षेत्र में गैर राजकीय समाजों तथा भूमिकाओं और पदों को भी सम्मिलित किया गया, जो राज्य से संबंधित नहीं थे। संस्थाओं के संदर्भ में उनके कार्य तथा वास्तविक व्यवहारों के परिवर्तित रूप पर ध्यान दिया गया। परिणामस्वरूप संरचनात्मक कार्यात्मक उपागम का उदय हुआ, जिसके अंतर्गत सभी समाजों के लिए आवश्यक कार्यों, उनके कार्यान्वियन तथा अनुपालन की तुलना औपचारिक एवं अनौपचारिक प्रारूप द्वारा की जानी थी। पश्चिमी विद्वान इन प्रणालियों के सार्वभौमिक प्रारूपों एवं संरचनाओं के माध्यम से अध्ययन करने में सक्षम हुए, परंतु नए राष्ट्रों के उदय ने पश्चिमी तुलनावादियों को आर्थिक एवं राजनीतिक परिवर्तन का अध्ययन करने का मौका दिया। वियार्ड के अनुसार 1960 के दशक में ही तुलनात्मक राजनीति के अधिकांश समकालीन विद्वान विकास कर पाए, जिनके लिए नए राष्ट्र सामाजिक एवं राजनीतिक परिवर्तन के अध्ययन के लिए जीवित प्रयोगशालाओं के रूप में उभरे। तुलनात्मक राजनीति के क्षेत्र में इसी अवधि में अनेक नए सैद्धांतिक और संकल्पनात्मक उपागम सम्मुख आए, जिनमें राजनीतिक संस्कृति का अध्ययन, राजनीतिक समाजीकरण, विकासवाद पर आ सकता और परस्पर निर्भरता, सामूहिक नियंत्रणवाद, नौकरशाही अधिनायकवाद तथा लोकतंत्र आदि प्रमुख थे। इसी समय अनेक सार्वभौमवादी प्रतिमानों मानव की उत्पत्ति हुई, जैसे–डेविड ईस्टन का 'पॉलिटिकल सिस्टम', काल डयूस का 'सोशल मोबिलाइजेशन', एडवर्ड शिल का 'सेंटर एंड पेरिफिरी' आदि। इसी समय राजनीतिक विकास के अनेक सिद्धांतों ने सार्वभौमिक प्रासंगिकता का दावा किया। तुलनात्मक राजनीतिक विश्लेषण के विकास में सैनिक संधियों तथा विदेशी सहायता का स्वरूप संयुक्त राज्य अमेरिका के अंतरराष्ट्रीय हस्तक्षेप जैसा ही था। इस समय के अधिकतर अध्ययनों में अनुसंधान संस्थान द्वारा वित्तीय सहायता दी गई, साथ ही उसे अमेरिकी विदेशी नीति के उद्देश्यों के अनुकूल भी

www.neerajbooks.com

www.neerajbooks.com



बनाया गया। लैटिन अमेरिका में 'प्रोजेक्ट केमलॉट' तथा भारत में 'हिमालयन प्रोजेक्ट' सर्वाधिक प्रतीकात्मक थे। आलमंड और कोल्मेन द्वारा 1960 में प्रकाशित 'पॉलिटिक्स ऑफ डेवलपिंग एरियाज' से तुलनात्मक राजनीतिक आंदोलन के नए चरित्र की पहचान हुई। अमेरिका में 'कंपेरेटिव पॉलिटिक्स' नामक शीर्षक के प्रकाशन ने तुलनात्मक राजनीति आंदोलन की नई ऊंचाइयों को प्रदर्शित किया। इस समय का मुख्य संकलनात्मक प्रतिमान विकासवाद था, जिसकी उत्पत्ति अधिकांश विकासशील राष्ट्रों में अमेरिकी विदेश नीति के हितों के कारण हुई थी, जिससे मार्क्सवाद और लेनिनवाद के प्रति विरोध उत्पन्न हो सके तथा उन्हें विकास के गैर-साम्यवादी पथ की ओर प्रशस्त किया जा सके।

**1970 का दशक और विकासवाद की चुनौतियां**

1970 के दशक में विकासवाद की आलोचना की गई, जिसके अंतर्गत राजनीतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक व्यवस्था में अंतर को समाप्त कर दिया गया। इसके अंतर्गत जातीयता पर अधिक बल दिए जाने के कारण इसकी आलोचना की गई। अल्पविकसित देशों की विभिन्न प्रकार की समस्याओं पर ध्यान केन्द्रित करने की बात कही गई। इस आलोचना में अमेरिका की विदेश नीति और बहुराष्ट्रीय नियमों की आलोचना भी शामिल है।

निर्भरता सिद्धान्त के समर्थकों का मानना यह भी है कि पश्चिमी देशों का विकास गैर पश्चिमी देशों के शोषण के परिणामस्वरूप हुआ है। मार्क्सवादी विचारकों का इस संदर्भ में कहना है कि शोषण का कारण समाज के एक वर्ग का राज्य पर नियंत्रण है, जिससे वह शेष भाग को अपने अधिकार व नियंत्रण में रखता है।

इस कालावधि में 1970 के दशक के आरंभिक वर्षों में पराश्रितता और कॉर्पोरेटवाद को विकासवाद के मार्ग में मुख्य चुनौतियों के रूप में उद्धृत किया गया। बहुराष्ट्रीय नियमों की आलोचना भी शामिल है। साथ ही यह है कि विश्व में पूंजीवाद का प्रसार विकास की अपेक्षा अल्प विकास को प्रोत्साहन देता है। पराश्रितता के सिद्धांत की आलोचना कर रहे मार्क्सवादी समर्थकों ने अधिशेष निष्कर्षण के माध्यम से होने वाले शोषण को मात्र राष्ट्रीय स्तर पर न देखकर केंद्रीय तथा महानगरीय बुर्जुआ स्तर पर देखे जाने की वकालत की है।

**1980 का दशक : राज्य की वापसी**

1970 के दशक में प्रतिपादित हुए अनेक तुलनात्मक राजनीतिक सिद्धांतों, जैसे-नौकरशाही, सत्तावाद, लोकतंत्र की दिशा में परिवर्तन नव-उदारवाद तथा निजीकरण आदि को अनेक विद्वानों ने एकता को दुर्बल बनाने वाली शक्तियों के रूप में देखा था, वहीं कुछ अन्य विद्वानों ने इन्हें वैकल्पिक उपागमों को उपलब्ध करने तथा नए विषय क्षेत्रों के रूप में प्रतिपादित किया था।

1980 के दशक में विकासवाद में बिखराव आना शुरू हो गया। आलमंड ने 1950 में ही यह कहा था कि राज्य का स्थान राजनीतिक व्यवस्था को प्राप्त हो जाना चाहिए, जिससे वैज्ञानिक आधार पर गतिविधियों को संचालित किया जा सके। ईस्टन ने भी राजनीतिक व्यवस्था में नए तत्त्वों का समावेश किया।

डॉनल, रैल्फ मिलिबैंड, निकोस पौलेन्ज व पीटर एवन्स ने राज्य को केन्द्र में रखकर नई विचारधारा की उत्पत्ति की। राज्य के बारे में नए ढंग से सोचा जाने लगा। विकासवाद के वर्चस्व को तोड़ा गया। इसके अलावा इसमें नए विकल्पों के बारे में ध्यान केन्द्रित किया गया।

**20वीं सदी का अंत : वैश्वीकरण और उभरती हुई प्रवृत्तियाँ/संभावनाएँ**

**(क) प्रणालियों का अवश्रणियन**–1980 के दशक के पश्चात् तुलनात्मक राजनीति का क्षेत्र विस्तृत हुआ। इसमें बड़ी मात्रा में विभिन्न देश शामिल हुए। इस काल में किसी खास उद्देश्य या मामले को गहराई से समझने पर जोर दिया गया। इसमें संस्कृति पर आधारित अध्ययन पर भी बल दिया गया। इसके साथ-साथ राष्ट्रीयता आधारित देश और संस्थागत विशिष्ट राष्ट्र पर विशेष बल दिया गया, जैसे-शासन व्यवस्था की किसी खास बात को लेकर भारत की किसी और देश से तुलना। तुलना का कार्य छोटे स्तर पर किया जाने लगा, जैसे-दक्षिण एशियाई देशों की आपस में तुलना।

इसमें चरों को मॉडल से जोड़ा गया, जैसे-नीति, विचारधारा, शासन कार्य का अनुभव आदि। प्रतिमानों से दूर रहते हुए विशिष्ट राष्ट्रों और केस को बारीकी से समझने के लिए गुणात्मक और संदर्भित आंकड़ों का मूल्यांकन किया जाने लगा। भव्य प्रणालियों तथा प्रतिमान निर्माण पर कम बल दिया जाने लगा, जबकि विशिष्ट संदर्भों तथा संस्कृतियों को महत्व देने का उद्देश्य था कि तुलनाओं के पैमाने को नीचे लाया जा सके।

**(ख) नागरिक समाज और लोकतंत्रीकरण उपागम**– सोवियत संघ के पतन के बाद 'इतिहास का अंत' की अवधारणा सामने आई। इसमें उदारवादी प्रजातंत्र के वर्चस्व पर जोर दिया गया।

1980 में दशक के अंत में भूमंडलीकरण की अवधारणा उभरकर सामने आई। यह घटना पूरे विश्व को एक सूत्र में बाँधती है। देश की एक घटना का असर दूसरे देशों पर भी पड़ रहा है। सारी घटनाएं पश्चिमी देशों के आस-पास घटित हो रही हैं। इसके परिणामस्वरूप नागरिक समाज और जनतांत्रिक दृष्टिकोण का अध्ययन संबंधी दृष्टिकोण में महत्त्व बढ़ रहा है और व्यक्तिगत अधिकारों की बात की जाने लगी है।

पश्चिमी उदारवादी विद्वानों का मत था कि पश्चिम के औद्योगीकृत समाजों में हुई आर्थिक उन्नति ने उन कल्पित राजनीतिक समस्याओं का समाधान कर दिया था, जो औद्योगीकरण का परिणाम हैं। इनमें स्वतंत्रता के मुद्दे और राज्य शक्ति तथा श्रमिकों के अधिकार शामिल हैं। 90 के दशक के पूर्वार्ध में 'एंड ऑफ हिस्ट्री' नामक विचार को 80 के दशक की वैश्वीकरण की परिस्थिति से जोड़कर देखा गया। आधुनिक पूंजीवादी विश्व में व्यक्तिगत अधिकारों की रक्षा के संदर्भ में नागरिक समाज तथा लोकतंत्रीकरण को महत्त्व दिया गया। बाजारी लोकतंत्र के विकास में जुटे पश्चिमी पूंजीवाद से संबंधित अध्ययन के साथ-साथ स्वायत्तता की मांग, देशज संस्कृति के अधिकार से जुड़े जन आंदोलन, जनजातियों, दलितों तथा निम्न जातियों के आंदोलन, नारी आंदोलन तथा पर्यावरण आंदोलन आदि के पुनरुत्थान से संबंधित अध्ययन भी पाए जाते हैं, जहां पूँजी के हित, जनता के हितों के विरोध में होते हैं तथा वैश्विक पूंजी के दौर में परिवर्तन और मुक्ति की भाषा का प्रतिनिधित्व करते हैं।

www.neerajbooks.com